

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

साउथ इंडस्ट्री ने सामंथा प्रभु को किया ब्लैकलिस्ट?

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 165 ■ गुरुवार 18 सितंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# मनपा चुनाव में सभी सीटों पर लड़ेगी प्रजा कृपा पार्टी

■ एड. प्रकाश कुकरेजा ने दी जानकारी



**उल्हासनगर.** दिल्ली और मुंबई से पंजीकरण के बाद स्वीकृत नई पार्टी 'प्रजा कृपा' आगामी उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव में उतरेगी। प्रजा कृपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. प्रकाश कुकरेजा ने बताया कि पार्टी की ओर से सभी 78 सीटों पर उम्मीदवार उतारे जाएँगे।

जीवन ईदनानी की सेक्युलर अलायंस ऑफ इंडिया (SAI) पार्टी शहर में एक स्थानीय पार्टी के रूप में काम कर रही है। मनपा की स्थापना के बाद से, यह पार्टी सरकार में शामिल रही है और महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति अध्यक्ष के पदों को संभाल चुकी है। अब, जब एड. प्रकाश कुकरेजा की प्रजा कृपा पार्टी आगामी चुनावों में चुनावी मैदान में उतरेगी, तो उसे कितनी सफलता मिलेगी, यह नतीजों के बाद स्पष्ट होगा।

एड. प्रकाश कुकरेजा महानगरपालिका के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं और 18 फ़रवरी 1991 से 17 दिसंबर 1996 तक विधि अधिकारी और 1996 से 31 अगस्त 2013 तक सचिव पद पर कार्यरत रहे। इस पार्टी की महाराष्ट्र प्रदेश और स्थानीय कार्यकारिणी की घोषणा जल्द ही की जाएगी। एड. कुकरेजा ने बताया कि चुनावों की गहन तैयारी की जाएगी।

# नेताओं की हत्या की साजिश नाकाम

## झारखंड से महाराष्ट्र तक फैले ISIS नेटवर्क पर पुलिस की कार्रवाई





**उल्हासनगर।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 'प्रोजेक्ट मुस्तफा' के नाम से भारत में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे ISIS के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी और राज्य एटीएस के सहयोग से चलाए गए इस बड़े ऑपरेशन में कल्याण और मुंब्रा के दो युवकों समेत कुल पांच चरमपंथियों को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं से सीधे आदेश लेने वाले इन युवकों का मकसद भारत में कुछ राजनीतिक नेताओं की हत्या और जिहादी हमले करना था। इस मामले में पुलिस की जांच में और भी चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने केंद्रीय एजेंसी और विभिन्न राज्यों की एटीएस के साथ मिलकर लंबे समय से चल रहे ऑपरेशन में ISIS से जुड़े प्रोजेक्ट मुस्तफा नामक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। एजेंसियां करीब छह महीने से इन चरमपंथी युवकों की गतिविधियों पर नजर रख रही थीं।

■ **आतंकी साजिश रचने का काम शुरू**

आखिरकार, कई राज्यों में एक साथ छापेमारी कर इन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में झारखंड का मास्टरमाइंड अशहर दानिश (23), कल्याण का आफताब कुरैशी (25), मुंब्रा का सुफियान अबुबकर खान (20), निजामाबाद का हुजैफ यमन (20) और मध्य प्रदेश का कामरान कुरैशी उर्फ समर खान (26) शामिल हैं। ये सभी युवक सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान स्थित आकाओं के सीधे संपर्क में थे।

■ **बम बनाने का निर्देश**

जब आफताब और सुफियान को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया, तो उनके पास से दो .32 बोर की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और 15 जिंदा कारतूस जब्त किए गए। इसके बाद, कल्याण, मुंब्रा और अन्य जगहों पर छापे मारे गए और डिजिटल उपकरण, हथियार निर्माण सामग्री और चरमपंथी प्रचार से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए। झारखंड में दानिश के ठिकाने से सल्फर, नाइट्रिक एसिड, सर्किट और अन्य रसायन भी मिले। जांच से पता चला कि दानिश ने 'प्रोजेक्ट मुस्तफा' नाम से 40 सदस्यों वाला एक सोशल मीडिया ग्रुप बनाया था। इस समूह का इस्तेमाल जिहादी प्रचार करने, युवाओं की भर्ती करने और भारत में आतंकवादी हमलों की योजना बनाने के लिए किया जाता था।

### ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए युवाओं का ब्रेनवॉश

'गज़वा-ए-हिंद' की विचारधारा पर आधारित इस साज़िश में कुछ राजनीतिक नेताओं की हत्या और बड़े विस्फोट करने की योजना थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी पाकिस्तान में अपने आकाओं से संपर्क करने के लिए अनस्क्रिप्टेड कॉल और कोड वर्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। इनमें 'सीईओ', 'प्रोफ़ेसर', 'गज़वा लीडर' जैसे कोड नाम शामिल थे। इन युवाओं को हथियारों का प्रशिक्षण दिया जा रहा था, बम बनाने में मार्गदर्शन दिया जा रहा था और ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए जिहादी विचारधारा फैलाई जा रही थी। निज़ामाबाद के हुज़ैफ़ यमन को हथियार बनाने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी, जबकि कामरान कुरैशी धन का प्रबंधन कर रहा था। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि इन युवाओं का ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए ब्रेनवॉश किया गया था। उन्हें आतंकवादी समूह बनाने और जिहाद फैलाने का काम सौंपा गया था। सही समय पर कार्रवाई करके इस मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया गया।' इस कार्रवाई से पता चलता है कि पुलिस और केंद्रीय जाँच एजेंसियाँ सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर सक्रिय आतंकवादी नेटवर्क पर अभी भी नज़र रख रही हैं।

# उल्हासनगर में अनोखा विरोध!

■ सड़क के गड्ढों में किया स्नान



**उल्हासनगर.** मनसे पदाधिकारी योगीराज देशमुख ने धोबी खदान रोड पर बने एक गड्ढे में नहाकर मनपा प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। देशमुख ने मनपा से यह भी सवाल किया कि पिछले दो महीनों से सड़क पर बने गड्ढे क्यों नहीं भरे गए। गणेश उत्सव के दौरान सड़क के गड्ढे भरने पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद, गड्ढे अब भी वहीं हैं। कैंप नंबर 2 धोबीघाट रोड पर जानलेवा गड्ढे हैं और मनसैनिकों ने इनके खिलाफ धरना दिया। गड्ढे भरने का आश्वासन मिलने के बाद विरोध वापस ले लिया गया। हालाँकि, सड़क पर बने गड्ढे अब भी वहीं हैं। बुधवार दोपहर मनसे के योगीराज देशमुख ने धोबीघाट रोड पर बने गड्ढे के विरोध में गड्ढे में जमा पानी में नहाया और उसे स्विमिंग पूल बता दिया। देशमुख ने कहा कि अगर ऐसे जानलेवा गड्ढे में कोई दुर्घटना होती है तो मनपा प्रशासन ज़िम्मेदार होगा। संपर्क करने पर मनपा के सिटी इंजीनियर नीलेश सिरसाठे उपलब्ध नहीं थे।

# मुख्यमंत्री से मांगे 11 करोड़, 2 बीएचके फ्लैट, 2 गाले, 2 कार एवं 2 आईफोन !

### नहीं तो नेत्रहीन ने पेट्रोल मार्च निकालने की दी चेतावनी



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक नेत्रहीन राजकुमार सालवी ने मुख्यमंत्री को निवेदन देकर मांग की है कि हमारी संस्था के हर एक नेत्रहीन को 11 करोड़ रुपयों की मदद करें, इसके साथ टू रूम किचन फ्लैट, दो गाले उद्योग के लिए, 2 वैगनार कार और 2 आई फोन मोबाइल दिए जाएं. वह बुधवार को मुख्यमंत्री से भेंट करने सचिवालय गए हैं. उनकी ये मांगें पूरी नहीं की गई तो वह अपने नेत्रहीन साथियों को लेकर पेट्रोल की बोतल हाथ में लेकर आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि वह गत कई वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं. उनके और उनके साथियों की खुशहाल जीवन व्यतीत करने के लिए ये मांग भरा पत्र उन्होंने मुख्यमंत्री महाराष्ट्र और पुलिस महासंचालक मुंबई को दिया है. राजकुमार सालवी उर्फ राजू अंबरनाथ के पादचारी पुल पर खड़े होकर कटरली का सामान बेचते हैं और अपना गुजारा कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि सन २०१७ से वह ये आंदोलन छेडे हुए हैं. अंबरनाथ नगर परिषद कार्यालय के समक्ष वह अकेले कई महिनों तक तपती धूप में अपने एक हाथ में नेत्रहीन की लकड़ी लिए हुए एवं दूसरे हाथ में थैली में निवेदन का पुलिंदा लिए हुए खड़े रहते थे ताकि उनकी मांगें पूरी की जा सकें। ४० नेत्रहीनों के लिए उन्होंने व्यवसाय के लिए छोटी टपरियों की मांग की थी. उनका आरोप है कि नपा प्रशासन ने कुछ को टपरियां दीं. शेष टपरियां नेत्रहीनों को देकर आखिर में भंगार में नपा ने बेच दी. राजू का कहना है कि नेत्रहीनों के कल्याण हेतु उन्होंने उपरोक्त ११ करोड़ की मांग की है. उनकी ये मांगें पूरी नहीं की गई तो वह अपने समर्थकों के साथ शहर में पेट्रोल मार्च निकालेंगे।

### अंबरनाथ नगराध्यक्ष पद आदिवासी समाज को देने की चर्चा

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ नगर पालिका नगराध्यक्ष पद आदिवासी समाज को मिलना चाहिए, ऐसी अपेक्षा आदिवासी समाज की एक संस्था द्वारा किया गया है. कुछ महिने बाद अंबरनाथ नगर पालिका के चुनाव होने जा रहे हैं. नगराध्यक्ष के लिए जनता वोट करेगी अथवा नगरसेवक नगराध्यक्ष का चुनाव करेंगे। चाहे जैसा भी चुनाव हो इस बार आदिवासी समाज का नगराध्यक्ष होना चाहिए, ऐसी मांग सह्याद्री आदिवासी, कोली महादेव जमात की ओर से किया जा रहा है. अंबरनाथ नगर परिषद में आज तक किसी भी आदिवासी को नगराध्यक्ष नहीं बनाया गया है. इसलिए ये मांग जोर पकड़ती जा रही है. अंबरनाथ में आदिवासी समाज बड़े पैमाने पर है. शहर के सामाजिक, शैक्षणिक और राजकीय स्तर पर गत कई वर्षों से आदिवासी समाज अपना सहयोग देता आ रहा है. अंबरनाथ के २५ वर्ष के राजकीय इतिहास में सभी समाज के लोगों को नगराध्यक्ष का मान मिला है, लेकिन आदिवासी समाज नगराध्यक्ष पद से वंचित है. इन सभी बातों को सामने रखते हुए अंबरनाथ नगर पालिका चुनाव में सीधे नगराध्यक्ष पद के लिए अथवा नगरसेवकों में से नगराध्यक्ष चुनते समय आदिवासी समाज को मौका दिए जाने की मांग है.

# खेमानी परिसर के घर से लाखों की चोरी



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-2 स्थित खेमानी परिसर में 13-14 सितम्बर की रात एक घर में चोरी की वारदात से परिसर में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के साथ उल्हासनगर-2 रामचंद मटेरियल सप्लायर के पास बैरक नंबर 293 में रहने वाले शंकर गोविंदराम बालानी के घर

चोरों ने दरवाजा तोड़कर तिजोरी उखाड़ ली, जिसमें से करीब साढ़े तीन लाख रुपये नकद और लगभग 10 तोला सोने के गहने ले गए। पूरी वारदात CCTV कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। घटना के समय बालानी दंपत्ति पिता की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में थे। बताया गया है कि दरवाजा और तिजोरी टूटने के तरीके से यह पेशेवर चोरों का काम लग रहा है। इस घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना से परिसर में खलबली है। इन शातिर चोरों को पकड़ने की मांग स्थानीय लोगों ने की है।

# मोदी के जन्मदिन पर मेडिकल कैम्प का आयोजन



**उल्हासनगर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर उल्हासनगर भाजपा जिला द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन भाजपा मुख्यालय में किया गया जहां सैकड़ों लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की और केक काटकर मोदी जी का जन्मदिन मनाया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच का आए हुए लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। भाजपा उल्हासनगर जिला परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के "सेवा ही संगठन" के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए यह संदेश दिया कि समाज की सेवा ही वास्तविक उत्सव है। आने वाले दिनों में भी ऐसे विविध जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# 3 महिलाओं को प्रेम संबंधों में फंसाने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** मानपाड़ा पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है, जो पिछले पंद्रह सालों में डोंबिवली में तीन महिलाओं के साथ अलग-अलग समय पर प्रेम संबंध और शादी करता रहा और फिर उन्हें धोखा देकर छोड़ देता था। कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

शिक्षक का नाम राहुल तिवारी है। वह उल्हासनगर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में शिक्षक है। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार, राहुल तिवारी 2011 से महिलाओं को प्रेम संबंधों के जाल में फंसा रहा था। वह उन्हें शादी और प्यार का लालच देकर उनके साथ रह रहा था।

राहुल तिवारी का डोंबिवली की एक शिक्षिका के साथ चौदह साल से प्रेम संबंध था। वे लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। उनका एक बच्चा भी था। कुछ दिनों बाद, राहुल और संबंधित महिला के बीच झगड़ा होने लगा। इसके बाद, राहुल तिवारी ने महिला से अपना रिश्ता तोड़ दिया। पीड़िता ने इस संबंध में मानपाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर जाँच शुरू कर दी थी। शिक्षिका से प्रेम संबंध टूटने के बाद, राहुल तिवारी ने दूसरी युवती से शादी कर ली। युवती अपने पति द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण अपने मायके चली गई। इस घटना के बाद, राहुल का एक अन्य महिला से प्रेम संबंध शुरू हो गया। उसने उसे अपने जाल में फँसाया और कुछ दिनों तक उसके साथ संबंध बनाए रखा। हालाँकि, राहुल तिवारी का इस तीसरी महिला से भी झगड़ा होने लगा। इसके बाद, पुलिस जाँच में पता चला कि राहुल ने पहली दो घटनाओं की तरह तीसरी महिला से भी संबंध तोड़ लिया।

पुलिस इस बात से हैरान है कि राहुल तिवारी एक शिक्षक है, फिर भी उसने ऐसा किया है। पुलिस ने कल्याण जिला न्यायालय को बताया कि राहुल से और पूछताछ की जानी चाहिए। इसके बाद, न्यायालय ने उसे पुलिस हिरासत में दे दिया। पुलिस इस बात की जाँच कर रही है कि क्या राहुल तिवारी ने इसी तरह और किसी महिला को ठगा है। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीपन शिंदे के मार्गदर्शन में इस मामले की जांच शुरू की गई है।

## प्राचीन शिव मंदिर को चकाचक करने पुरातत्व विभाग के कर्मचारी आगे आए

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ स्थित 965 साल पुराना शिव मंदिर सभी के लिए श्रद्धा का केंद्र है। बारिश के कारण इस शिव मंदिर पर घास और अन्य पौधे न उगें, इसके लिए पुरातत्व विभाग के कर्मचारी घास हटाने के लिए आगे आए हैं।

अंबरनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर महाराष्ट्र का सबसे पुराना भूमिज शैली का शिव मंदिर है। मंदिर पर लगे शिलालेख में उल्लेख है कि यह मंदिर शिलाहार वंश के राजा माम्वाणी के शासनकाल में 1060 ईस्वी में बनकर तैयार हुआ था। उत्तरी कोंकण पर शासन करने वाले शिलाहार वंश के राजा चित्तराज ने 1022 से 35 ईस्वी के बीच इस शिव मंदिर का निर्माण शुरू कराया था और इस मंदिर का निर्माण चित्तराज के छोटे भाई राजा माम्वाणी के शासनकाल में 1060 ईस्वी में पूरा हुआ था। श्रावण मास में इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ होती है। महाशिवरात्रि पर ठाणे जिले में स्थित मंदिर क्षेत्र में एक बड़ा मेला लगता है। पिछले 965 वर्षों से ग्रीष्म और वर्षा की मार झेल रहे इस मंदिर पर लगी मूर्तियों के अवशेष गिर रहे हैं। इन सब को ध्यान में रखते हुए, पुरातत्व विभाग ने पिछले कुछ वर्षों में मंदिर की सुरक्षा और इसे ढहने से बचाने के लिए एक विशेष प्रकार के रसायन का प्रयोग शुरू किया है। मानसून के दौरान इस मंदिर से पानी टपकने को लेकर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं।

# दोगुना रकम देने का लालच देकर 7.5 लाख की धोखाधड़ी



**बदलापुर.** बदलापुर में एक बार फिर निवेशित धन को दोगुना करने का वादा करके बड़ी रकम की ठगी का मामला सामने आया है। छह महीने में रकम दोगुनी करने का वादा करके एक महिला और उसके बेटे को ठगा गया है। इस मामले में पुलिस में मामला दर्ज किया गया है।

उल्हासनगर के एक 56 वर्षीय व्यक्ति ने बदलापुर स्थित एक धार्मिक स्थल पर एक परिचित की सलाह पर मां-बेटे रोहिणी बागड़े और रुद्र बागड़े के पास पैसा निवेश किया था। हालाँकि, जब उसे अपना पैसा वापस नहीं मिला, तो धोखाधड़ी का एहसास हुआ. शिकायतकर्ता बेनेडिक्ट जोसेफ, एक परिचित की सलाह पर निवेश के लिए आरोपी के पास गया। उसने शिकायतकर्ता को अपने विश्वास में ले लिया। उसने उसे यह कहकर पैसा जमा करने के लिए मजबूर किया कि उसे केवल छह महीने में निवेश पर दोगुना पैसा मिलेगा। तदनुसार, 5 अप्रैल, 2024 को, शिकायतकर्ता ने नवजीवन सहकारी बैंक में अपने खाते से आरटीजीएस के माध्यम से बदलापुर स्थित एक्सिस बैंक में आरोपी महिला के खाते में 5 लाख रुपये भेजे।

अगले दिन, 6 अप्रैल को, उसी खाते में 2.5 लाख रुपये और जमा किए गए। कुल 7.5 लाख रुपये जमा करने के बाद, वे पैसे के दोगुने होने का इंतजार कर रहे थे। 1 अक्टूबर, 2024 को पैसे लौटाने की समय सीमा समाप्त होने के बाद जब शिकायतकर्ता ने पैसे के बारे में पूछा, तो आरोपी रुद्र बागड़े ने फ़ोन पर साफ़-साफ़ कह दिया कि उसे पैसों के बारे में कोई जानकारी नहीं है और वह पैसे वापस नहीं कर सकता. अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर शिकायतकर्ता पुलिस स्टेशन पहुँचा। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत के अनुसार, रोहिणी बागड़े और रुद्र बागड़े के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जाँच कर रही है।

# बिजली चोरी करने वाले 3 व्यापारियों के खिलाफ मामला दर्ज



**कल्याण.** कल्याण स्थित कल्याण कृषि उपज मंडी समिति परिसर में तीन व्यापारियों ने बिना बिजली मीटर लिए अपने गालों में महावितरण से बिजली चोरी की। इसके ज़रिए इन तीनों व्यापारियों ने महावितरण से 5,246 बिजली यूनिट से कुल 1,15,332 रुपये की बिजली चोरी की है। यह बिजली चोरी वर्ष 2022 से 2023 की अवधि की है। इन तीनों व्यापारियों द्वारा लगातार दबाव बनाने के बावजूद इस बिजली चोरी की समझौता राशि का भुगतान न किए जाने पर, महावितरण के सहायक अभियंता अशोक जगदाले की शिकायत पर इन तीनों व्यापारियों के खिलाफ महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। जिन व्यापारियों पर मामला दर्ज किया गया है, उनके नाम सियाराम वर्मा, शफ़ीक अमीर बागवान और श्रवण श्रीचंद्र गुप्ता हैं।

महावितरण के सतर्कता गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता अशोक जगदाले ने पुलिस स्टेशन में दी गई शिकायत में कहा है कि कल्याण कृषि उपज मंडी समिति परिसर में व्यापारियों के स्टॉल में बिजली मीटर की तलाशी अभियान चल रहा था। इस निरीक्षण अभियान के दौरान, मंडी समिति परिसर में डी-14 स्टॉल पर बिजली मीटर नहीं लगा था। हालाँकि, सहायक अभियंता जगदाले, मधुकर चन्ने और प्रत्यक्षदर्शी प्रकाश सोनकर, योगेश वाघमारे ने देखा कि वहाँ बिजली की आपूर्ति बाहर से बिजली लाइन के माध्यम से ली जा रही थी।

श्रवण ने यह बिजली मई 2022 से अप्रैल 2023 के बीच चुराई थी। इस अवधि के दौरान, श्रवण ने बिना बिजली मीटर लिए 2,60 यूनिट के लिए 56,000 रुपये की बिजली चोरी की थी। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था क्योंकि उसने महावितरण को राशि का भुगतान नहीं किया था, यह सूचित किए जाने के बाद भी कि वह तीन साल के भीतर समझौते के माध्यम से यह राशि चुका देगा।

शफ़ीक बागवान ने डी-17 मंडी समिति के गाला से बिजली चोरी की और बिजली मीटर का उपयोग किए बिना 1,650 यूनिट और 14,703 रुपये की बिजली चुरा ली। महावितरण ने बागवान को समझौते के माध्यम से 5,000 रुपये का भुगतान करने के लिए सूचित किया था। चूँकि उन्होंने तीन साल के भीतर यह राशि चुका दी थी, इसलिए उनके खिलाफ महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

सियाराम वर्मा का कल्याण कृषि उपज मंडी समिति परिसर में एक गाला है। सियाराम ने इस गाले से बिजली चोरी की और महावितरण का बिजली मीटर लिए बिना ही मेले को बिजली की आपूर्ति जारी रखी। इस प्रकार की चोरी पिछले दो वर्षों में हुई है। वर्मा ने 44,596 रुपये की बिजली चोरी की है। निरीक्षण दल को पता चला कि उन्होंने 1,536 यूनिट चोरी की बिजली का उपयोग किया था। महावितरण ने सियाराम को समझौते के माध्यम से 10,000 रुपये चुकाने का निर्देश दिया था। इसकी अनदेखी करने पर महावितरण ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 66 बिजली चोरों पर कार्रवाई की

**कल्याण.** महावितरण ने कल्याण ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टिटवाला, इंदिरा नगर, गणेश वाड़ी, बल्लानी क्षेत्रों में अवैध रूप से और सर्विस तारों से छेड़छाड़ करके बिजली का उपयोग कर रहे 66 बिजली चोरों पर कार्रवाई की है. इन बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. इन बिजली चोरों ने 30.73 लाख रुपए की बिजली चोरी की.

महावितरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि कल्याण ग्रामीण संभाग के अंतर्गत आने वाले बाल्यानी, इंदिरा नगर, गणेश वाड़ी, टिटवाला क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में बिजली चोरी की जा रही है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### ऑनलाइन गेम ने छीनी जान

डिजिटल होती दुनिया में कोई बच्चा जब स्मार्टफोन या कंप्यूटर में मशगूल रहने लगता है, तो उसके अभिभावकों की प्रथम दृष्टया धारणा यही बनती है कि वह तकनीक के उपयोग को लेकर बहुत तीक्ष्ण बुद्धि वाला है। मुश्किल तब होती है, जब तकनीक में बच्चों या किशोरों की यही व्यस्तता उनके विवेक और व्यक्तित्व पर बेहद घातक असर डालती है और कई बार जानलेवा भी साबित होती है।

गौरतलब है कि लखनऊ के गांव धनुवासाढ़ में तेरह वर्षीय एक किशोर को ऑनलाइन गेम की लत लग गई थी और इसी क्रम में वह अपने पिता के खाते में जमा तेरह लाख रुपए हार गया। जब पिता को पता चला तो डर की वजह से किशोर ने आत्महत्या कर ली। यह इस तरह की कोई अकेली घटना नहीं है। ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें आनलाइन गतिविधियों में लिप्त कई बच्चों की पहुंच अपने घर के पैसों तक हो जाती है और गेम में डिजाइन किए गए लालच के जाल में फंस कर वे अपने माता-पिता की मेहनत से कमाए गए पैसे बाजी में हार जाते हैं।

तकनीकी कौशल हासिल करना और अपना ज्यादातर वक्त उसमें खो देना अलग-अलग बातें हैं। आज किशोरावस्था से गुजर रहे ऐसे बच्चों की संख्या बहुत बड़ी हो चुकी है, जो अपनी पढ़ाई-लिखाई से लेकर खेल और मनोरंजन तक के लिए पूरी तरह डिजिटल संसाधनों पर निर्भर होते जा रहे हैं और दोस्ती या खेलों की वास्तविक दुनिया से कटते जा रहे हैं। इसी क्रम में कोई बच्चा इंटरनेट पर कब किस अवांछित गतिविधियों में अपना वक्त जाया करने लगता है, अभिभावकों को अंदाजा भी नहीं हो पाता। आनलाइन गतिविधियों का लती हो चुका बच्चा जब किसी जानलेवा जंजाल में फंस जाता है, तब जाकर अभिभावक चिंतित होते हैं। मगर तब तक कई बार देर हो चुकी होती है। सवाल है कि इस तरह के अंजाम तक आने से पहले जिस तरह की स्थितियां बनती हैं, अभिभावकों को उन पर गौर करना, बच्चों को वक्त देना, उन्हें असली दुनिया में वापस लाना जरूरी क्यों नहीं लगता? वहीं सरकार ने भी जुए की तरह खेले जाने वाले आनलाइन खेलों की दुनिया को लगभग खुला छोड़ रखा है। नतीजतन, समाज से लेकर सरकार तक की बहुस्तरीय लापरवाही के शिकार हमारे मासूम हो रहे हैं।

# मोदीफाइड गवर्नेंस- नीति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने शासन और नीति निर्माण में एक नए युग की शुरुआत की है। इस नए युग को हम मोदीफाइड गवर्नेंस का नाम देते हैं। यह केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्रशासनिक मॉडल है जिसने भारत के शासन तंत्र, नीति निर्माण, नागरिक सहभागिता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक कूटनीति को नई दिशा दी है।

आज भारत जिस आत्मविश्वास और गतिशीलता के साथ आगे बढ़ रहा है, उसकी जड़ें इसी सोच में गहराई से जुड़ी हैं। इसका मूल आधार इरादे और प्रभाव के बीच की खाई को पाटना है, यह सुनिश्चित करना कि विकासात्मक पहलें तेजी और पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचें। यह तकनीक, प्रत्यक्ष लाभ वितरण और नागरिक सशक्तिकरण के स्तंभों पर निर्मित एक ढांचा है, जो राष्ट्रीय आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देता है।

यह गवर्नेंस मॉडल आत्मनिर्भर भारत-स्वावलंबी भारत की दृष्टि से प्रेरणा लेता है, जहां हर नीति केवल तत्काल राहत के लिए नहीं बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता के लिए डिजाइन की जाती है।



पिछले दशक में, इसने स्वास्थ्य सेवा और वित्त से लेकर डिजिटल अवसंरचना और पर्यावरण संरक्षण तक विविध क्षेत्रों को छुआ है। जो बात उल्लेखनीय है, वह है मापनीय परिणामों पर जोर। योजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी की जाती है, फीडबैक के आधार पर समायोजित की जाती है और अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाई जाती है। इससे न केवल भारत की विकास गति तेज हुई है बल्कि इसे उत्तरदायी प्रशासन का वैश्विक उदाहरण बनाया है। मोदीफाइड गवर्नेंस की एक प्रमुख विशेषता समाज के सबसे कमजोर वर्गों को लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से ऊपर उठाने की प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई), जो एक मई 2016 में उत्तर प्रदेश के बलिया से शुरू की गई, इसका उदाहरण है जो ग्रामीण और वंचित परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करती है। निम्न आय वाले परिवारों की महिलाओं के लिए एलपीजी कनेक्शन पर ध्यान केंद्रित करके, योजना ने दैनिक जीवन को बदल दिया है, पारंपरिक बायोमास ईंधनों जैसे लकड़ी और कोयले से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया है। धुएं से भरी रसोई, जो कभी सांस की बीमारियों और आंखों की समस्याओं का सामान्य दृश्य थीं, अब सुरक्षित विकल्पों से बदल रही हैं। वर्ष 2025 तक, योजना ने 10.33 करोड़ से अधिक कनेक्शन वितरित किए हैं, पूरे देश में स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच का विस्तार किया है। यह मील का पत्थर पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सामाजिक कल्याण के साथ एकीकृत करने के सुनियोजित प्रयास को दर्शाता है, महिलाओं को उत्पादक गतिविधियों के लिए अधिक समय देता है और परिवार की समग्र भलाई में सुधार करता है।

योजना की सफलता उसकी जमीनी स्तर की क्रियान्वयन में निहित है। आवेदन सरलीकृत हैं, सब्सिडी सीधे हस्तांतरित की जाती है और रिफिल सब्सिडाइज्ड होते हैं ताकि निरंतर उपयोग सुनिश्चित हो। यह सशक्तिकरण की कहानी है, जहां एक साधारण गैस सिलेंडर गरिमा और प्रगति का प्रतीक बन जाता है। इसे पूरक बनाती है आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), जिसे दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना के रूप में सराहा जाता है। स्वास्थ्य व्यय के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से, यह माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार सालाना पांच लाख रुपये तक प्रदान करती है।

ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों के परिवारों के लिए, इसका मतलब तबाही और ठीक होने के बीच का अंतर है। 2025 तक 41 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, लाखों लोगों को जेब से खर्च की बोझ के बिना गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सक्षम बनाया है। योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में फैले हुए हैं, व्यापक कवरेज सुनिश्चित करते हैं। किसानों, मजदूरों और दैनिक वेतन भोगियों की कहानियां भरी पड़ी हैं जो कैंसर या दिल की बीमारी जैसी गंभीर बीमारियों का सामना करते हुए पहले अकल्पनीय उपचार प्राप्त कर चुके हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**खुशी इसमें है कि हम यह सोचें कि प्रभु ने हमें क्या-क्या दिया है।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# क्या SIR प्रक्रिया से डगमगा रहा है भरोसा?

चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जो संविधान के अनुसार देश में चुनाव प्रक्रिया का संचालन करता है। संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते आयोग से उम्मीद की जाती है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करेगा। देश में नागरिकों के मताधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी इसी की है। ऐसे में सवाल है कि अगर चुनाव आयोग कानून और मानदंडों के मुताबिक अपना काम कर रहा है तो उसकी कार्यप्रणाली को संदेह की नजर से क्यों देखा जा रहा है?

आयोग पर निष्पक्षता और पारदर्शिता नहीं बरतने के आरोप बार-बार क्यों लग रहे हैं? बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठने की वजह क्या है? इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय ने भी गंभीरता से लिया है। हालांकि शीर्ष अदालत ने उम्मीद जताई है कि बिहार में चुनाव आयोग एसआइआर में कानून का पालन कर रहा होगा। साथ ही आगाह भी किया है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस पूरी प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा। इससे साफ है कि चुनाव आयोग पर विश्वास की नींव अब कमजोर होती नजर आ रही है।



बिहार में सबसे पहले एसआइआर की प्रक्रिया के समय को लेकर सवाल उठे थे। विपक्षी दलों का तर्क था कि राज्य में कुछ माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और यहां से एसआइआर की शुरुआत करना चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर संदेह पैदा करता है। इसके बाद देश एवं राज्य की नागरिकता के प्रमाण के लिए तय किए ग्यारह दस्तावेजों में आधार कार्ड को शामिल नहीं करने पर आयोग सवालों के घेरे में आ गया था।

सर्वोच्च न्यायालय ने आयोग को इस विषय पर विचार करने को कहा था, लेकिन आयोग ने यह तर्क देते हुए इनकार कर दिया कि आधार कार्ड पर विश्वास नहीं किया जा सकता। इसके बाद शीर्ष अदालत को इस पर नए सिरे से निर्देश देना पड़ा, तब आयोग ने बिहार में अंतरिम व्यवस्था के रूप में आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण दस्तावेजों की सूची में शामिल किया। यहां गौर करने वाली बात है कि आज बैंक खाता खुलवाने से लेकर रसोई गैस के पंजीकरण के लिए आधार जरूरी है, तो फिर उसकी विश्वसनीयता को स्वीकारने में संकोच क्यों है। और फिर इस बात की क्या गारंटी है कि आयोग ने नागरिकता प्रमाण के तौर पर जिन ग्यारह दस्तावेजों को शामिल किया है, उनमें कोई फर्जीवाड़ा नहीं हो सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक प्राधिकार है और उसे देश भर में एसआइआर की प्रक्रिया शुरू करने से रोका नहीं जा सकता। सवाल सिर्फ यह है कि इस प्रक्रिया में कानून का पालन हो रहा है या नहीं। चुनाव आयोग अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बिहार में जो आशंकाएं पैदा हुई हैं, उनके निराकरण के बिना आयोग आगे कैसे बढ़ सकता है।

इसमें दो राय नहीं कि मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। सूची से उन लोगों के नामों को हटाना जरूरी है, जिनकी मौत हो चुकी है या जिनके पास वैध मतदाता पहचान पत्र नहीं हैं। मगर, इस कवायद में यह ध्यान रखना भी जरूरी है कोई पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न हो। इसका उत्तरदायित्व भी चुनाव आयोग का ही है।

# 6 गज में बना 3 मंजिला मकान, देखने दूर-दूर से आते हैं लोग!

देश की राजधानी दिल्ली में एक 6 गज का मकान है. 6 गज यानी जीतने में आपके घर का एक कमरा भी नहीं होता है, उतने में यह पूरा मकान

**जरा हट के**

बनाकर तैयार है. यह दिल्ली के सबसे छोटे मकान के नाम से यह मशहूर है. यहां दूर-दूर से लोग इसे देखने आते हैं. लोग इसे दिल्ली का अजूबा भी कहते हैं, लेकिन यह मकान कैसे बना, इसके पीछे बहुत दिलचस्प कहानी है.

लोगों से बातचीत की गई तो पता चला फिलहाल उस वक्त इस घर में कोई भी नहीं मिला. यह मकान बंद था, लेकिन आसपास के लोगों ने इस पूरे मकान की हकीकत बताई. आपको बता दें कि दिल्ली का यह सबसे छोटा मकान संत नगर की मेन मार्केट को पार करके 63 नंबर गली में है. यह बुराड़ी के झड़ौदा गांव में है. यह मकान इतना मशहूर है कि आप इस इलाके में किसी से भी 6 गज का मकान पूछेंगे, तो लोग आपको फटाफट पूरा पता बता देंगे.



### मकान में रहता है 4 लोगों का परिवार

यहां पर पिछले 30 सालों से रह रही सुमन ने बताया कि साल 2014 और 15 के आसपास इस मकान को बनाने का काम शुरू किया गया था. इलाके में जहां पर गली खत्म होती है. वहां जमीन खाली पड़ी हुई थी. उस वक्त इस जमीन की कीमत सिर्फ 15000 से लेकर 20,000 रुपए के बीच में थी, लेकिन आज इसी जमीन की कीमत मकान के मशहूर होने की वजह से 14 लाख के ऊपर पहुंच गई है. उन्होंने बताया कि इस मकान में एक परिवार किराए पर रहता है, जिसमें 4 सदस्य हैं. दो बेटे और पति-पत्नी, पत्नी का नाम पिंकी है, जबकि पति का नाम संजय है. संजय किसी गुड़गांव की निजी कंपनी में गाड़ी चलाते हैं और उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले हैं. उन्होंने यह भी बताया कि साल 2020 में यह परिवार इस घर में रहने आया था. लॉकडाउन में भी एक परिवार यहीं पर था. इस मकान का किराया 3500 रुपए है. इसी इलाके के रहने वाले रितेश ने बताया कि महज 6 गज जमीन, जिसे एक लोकल प्रॉपर्टी डीलर ने अरूण नाम के शख्स को बेचा था. इसके बाद अरूण ने खुद नक्शा और डिजाइन बनाकर 3 मंजिला इमारत को खड़ा करवाया.

**खाना-खजाना**

# चिली गार्लिक पोटैटो

**सामग्री :**

- 4-5 मध्यम आकार के आलू
- 2-3 चम्मच मैदा या कॉर्नफ्लोर
- नमक स्वादानुसार
- तेल तलने के लिए
- 2 चम्मच तेल
- 4-5 लहसुन की कली
- 1 प्याज
- 1 शिमला मिर्च
- 1 चम्मच अदरक
- 2 चम्मच टोमेटो केचप
- 1 चम्मच सोया सॉस
- 1 चम्मच रेड चिली सॉस
- 1/2 चम्मच सिरका
- 1/2 चम्मच चीनी
- थोड़ा-सा हरा धनिया

**विधि :**

सबसे पहले आलू को धोकर छील लें और उन्हें फ्रेंच फ्राइज की तरह लंबा-लंबा काट लें। आप चाहें तो इन्हें थोड़ा मोटा भी काट सकते हैं। अब एक बर्तन में पानी गरम करें और उसमें थोड़ा सा नमक डालकर आलू को 5-7 मिनट के लिए उबाल लें। ध्यान रखें कि आलू पूरी तरह से न गलें। उबले हुए आलू को छानकर ठंडा होने दें। फिर उनमें मैदा या कॉर्नफ्लोर और थोड़ा सा नमक मिलाकर अच्छे से मिलाएं ताकि आलू पर एक पतली परत बन जाए। एक कड़ाही में तेल गरम करें और मध्यम आंच पर आलू को सुनहरा और क्रिस्पी होने तक तलें। तले हुए आलू को निकालकर अलग रख दें। अब सॉस बनाने की तैयारी करें। उसी कड़ाही में थोड़ा तेल गरम करें। इसमें बारीक कटा हुआ लहसुन, अदरक और प्याज डालकर हल्का भूनें। अब इसमें बारीक कटी हुई शिमला मिर्च डालें और 1-2 मिनट तक पकाएं। इसके बाद टोमेटो केचप, सोया सॉस, रेड चिली सॉस, सिरका और चीनी डालकर अच्छे से मिलाएं। जब सॉस गाढ़ा होने लगे तो इसमें तले हुए आलू डालें और अच्छे से मिलाएं ताकि सॉस की कोटिंग आलू पर पूरी तरह से हो जाए। आपका स्वादिष्ट चिली गार्लिक पोटैटो तैयार है। इसे हरे धनिया से गार्निश करके गरमागरम परोसें।



## आज का राशिफल

**मेष** : पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी।

**वृषभ** : लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

**मिथुन** : कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग।

**कर्क** : यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें।

**सिंह** : प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

**कन्या** : स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

**तुला** : स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी।

**वृश्चिक** : लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। कुछ आय होगी। माता को कष्ट रहेगा।

**धनु** : भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा।

**मकर** : जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें।

**कुंभ** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**मीन** : रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सेहतमंद रहने के लिए बचपन से ही पोषण का ध्यान रखना है जरूरी

यह सही है कि स्त्रियां अपनी सेहत को लेकर अपेक्षाकृत कम जागरूक रहती हैं। इसे दूर करने का सरल उपाय है कि उन्हें बचपन से ही अच्छी सेहत के महत्व के बारे में बताया जाए। हमें समझना होगा कि बीमारियां किसी भी उम्र में हो सकती हैं। लेकिन पहले से ही अगर हम अस्वस्थ हैं या अच्छे खानपान और व्यायाम की आदत नहीं है, तो 50 की उम्र के बाद बीमारी का जोखिम बढ़ जाता है। जीवनशैली के अलावा जैवकीय, हार्मोन से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं। मेनोपोज के बाद हृदय रोग, डायबिटीज, आर्थराइटिस, सांस की समस्याओं के साथ एनीमिया का खतरा अधिक रहता है।

हम स्वस्थ नारी सशक्त देश की बात कर रहे हैं तो इस परिप्रेक्ष्य में देखना होगा कि आज बड़ी संख्या में महिलाएं एनीमिया से जूझ रही हैं। यह शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की समस्या है। शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ने और खानपान में लापरवाही ने सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर आदि के जोखिम बढ़ा दिए हैं, इसलिए सेहतमंद रहने आदत डालनी होगी।

### इन बातों का रहे ध्यान

हीमोग्लोबीन 12 वर्ष की उम्र में 12 रहे, यह लक्ष्य रखें ताकि प्रजनन की उम्र तक लड़कियां स्वस्थ रहें और आगे की चुनौती कम हो सके।

बीस की उम्र तक कैल्शियम, प्रोटीन व अन्य जरूरी पोषक तत्व का सेवन करें, ताकि आगे सेहत का मजबूत आधार बने।

20 से 30 की उम्र तक हड्डियों का निर्माण होता है, इसलिए कैल्शियम और अन्य पोषण के साथ अपना बोन बैंक तैयार करें ताकि मेनोपोज के बाद तेजी से क्षीण होने वाले कैल्शियम की कमी से होने वाली कठिनाई कम से कम हो।

उचित पोषण के साथ खेलकूद, कसरत व योग के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।



50 की उम्र के बाद बीमारियों का जोखिम पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, पर स्वास्थ्य प्रतिरोधक क्षमता व स्वस्थ रहकर उनका मुकाबला करना आसान हो सकता है।

लगभग 80 प्रतिशत महिलाओं को विटामिन-डी की कमी होती है, यह ध्यान रहे।

कैंसर से बचाव के लिए सबसे सरल उपाय है जागरूकता व जांच। सर्वाइकल कैंसर के साथ अन्य कैंसर से भी बचाव करता है एपीवी वैक्सीन। इसे 9 - 14 साल की उम्र तक लगाना सुनिश्चित करें।

जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी हो वे कैंसर स्क्रीनिंग जरूर कराएं। ओवेरियन कैंसर तीसरे चरण में अक्सर पता चलता है। इससे बचाव के लिए पेल्विस अल्ट्रासाउंड वर्ष में एक बार अवश्य कराएं।

यदि परिवार में ब्रेस्ट कैंसर का इतिहास है तो 25 वर्ष की उम्र के बाद लड़कियों को इसे लेकर जागरूक होने की जरूरत होती है।

# चिया सीड्स vs सब्जा सीड्स

### वेट लॉस के लिहाज से किसे खाने से मिलेगा ज्यादा फायदा?

आजकल हेल्दी लाइफस्टाइल और वेट लॉस पर फोकस करने वाले लोगों के बीच चिया सीड्स और तुलसी सीड्स दोनों ही काफी पॉपुलर हो रहे हैं। ये छोटे-छोटे बीज पोषक तत्वों का पावरहाउस हैं और वेट लॉस करने में संभावित रूप से मदद कर सकते हैं, लेकिन सवाल यह है कि इन दोनों में से वेट लॉस करने में कौन-सा बेहतर ऑप्शन है? यहां पर इस मुद्दे पर विस्तार से जानकारी दी गई है, तो आइए जानते हैं इसके बारे में।

### चिया सीड्स या सब्जा सीड्स?

चिया बीज और तुलसी बीज, जिसमें तुलसी बीज को सब्जा बीज के नाम से भी जाना जाता है, दोनों ही छोटे काले बीज हैं जो पानी में भिगोने पर फूल जाते हैं और जेली जैसे नजर आते हैं। ये दोनों ही बीज फाइबर, एंटी ऑक्सीडेंट्स और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो उन्हें हेल्थ के लिए फायदेमंद बनाते हैं। वेट लॉस करने के मामले में, उनकी हाई फाइबर कंटेंट और पानी सोखने की क्षमता उन्हें तृप्ति प्रदान करने और कैलोरी को कम करने में मदद करती है।

**पोषक तत्वों की तुलना:** वैसे तो दोनों ही बीज पौष्टिक होते हैं, लेकिन उनकी पोषक तत्वों की प्रोफाइल में थोड़ा अंतर है।

**फाइबर:** चिया बीज में तुलसी बीज की तुलना में थोड़ी अधिक फाइबर सामग्री होती है। फाइबर



डाइजेशन को धीमा करके और पेट भरा हुआ महसूस कराकर वेट लॉस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड:** चिया बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक बेस्ट सोर्स हैं, खासकर अल्फा-लिनोलेनिक एसिड। ओमेगा-3 फैटी एसिड हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। तुलसी बीज में भी ओमेगा-3 होता है, लेकिन चिया बीज की तुलना में कम मात्रा में।

**प्रोटीन:** चिया बीज में तुलसी बीज की तुलना में थोड़ी अधिक प्रोटीन सामग्री होती है। प्रोटीन भूख को कम करने और मसल्स को बनाए रखने में मदद करता है, जो कि वेट लॉस प्रोसेस के लिए महत्वपूर्ण है।

**कैलोरी:** तुलसी बीज में चिया बीज की तुलना में थोड़ी कम कैलोरी होती है। यदि आप अपनी कुल कैलोरी की मात्रा पर बारीकी से ध्यान दे रहे हैं, तो यह एक मामूली अंतर हो सकता है।

**विटामिन और मिनरल्स:** तुलसी बीज में विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन सी जैसे कुछ विटामिन अधिक मात्रा में पाए जाते हैं, जबकि चिया बीज में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे मिनरल्स अधिक होते हैं।

दोनों ही बीज अपने-अपने तरीके से फायदेमंद हैं, हां अपनी पर्शनल रिक्वायरमेंट और और प्राथमिकताओं के अनुसार, आप इनमें से किसी भी बीज को या दोनों को अपने वेट लॉस के डाइट में शामिल कर सकते हैं। याद रखें कि हेल्दी वेट लॉस करने के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी महत्वपूर्ण हैं।

# इन चीजों के साथ मिलकर नींबू बन जाता है जहर

### भूलकर भी न करें खाने की गलती

नींबू सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और डिटॉक्सिफाइंग गुण शरीर को हेल्दी और एनर्जेटिक बनाए रखने में मदद करते हैं। लेकिन नींबू को अगर कुछ खास चीजों के साथ खाया जाए, तो यह शरीर के लिए फायदेमंद नहीं बल्कि हानिकारक भी साबित हो सकता है।

### दूध सहित सभी डेयरी प्रॉडक्ट्स

नींबू का एसिड दूध या दही जैसे डेयरी उत्पादों को फाड़ सकता है, जिससे पाचन क्रिया गड़बड़ा सकती है। इससे गैस, एसिडिटी, पेट में भारीपन और स्किन रिएक्शन जैसे लक्षण हो सकते हैं।

### अंडों के साथ न खाएं नींबू

अंडे प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं लेकिन नींबू के साथ सेवन करने पर यह मिश्रण कुछ लोगों के लिए एलर्जिक या डायजेस्ट करने में परेशआनी का कारण बन सकता है। खासतौर पर कच्चे या अधपके अंडों में इसका प्रभाव अधिक होता है।

### आम और इमली के साथ नींबू न खाएं



नींबू, आम और इमली सभी खट्टी तासीर के होते हैं। एक साथ सेवन करने से अत्यधिक एसिडिटी पैदा होती है जो पेट दर्द, और छाले का कारण बन सकती है।

### मीठे फलों के साथ नींबू न खाएं

नींबू का एसिड और मीठे फलों की शुगर आपस में मिलकर फर्मेंटेशन की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं, जिससे गैस, अपच और ब्लोटिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### गंदी हरकत का विरोध करने पर पूर्व प्रिंसिपल ने बच्चे को मारकर लटका दिया, बेटों समेत गिरफ्तार

**कुशीनगर.** कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल हमीदनगर स्थित संस्कृत विद्या प्रबोधिनी पाठशाला के 11 वर्षीय छात्रावासी की गला घोंट कर हत्या पूर्व प्रधानाचार्य ने की थी। आरोप है कि पूर्व प्रधानाचार्य, बच्चे के साथ अनैतिक कृत्य करना चाहता था जिसका छात्र ने पुरजोर विरोध किया। यही नहीं उसने परिवारवालों से शिकायत करने की बात भी की। इसी से घबड़ाकर उसने बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद रात में दो बेटों और मौजूदा प्रधानाचार्य की मदद से शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रंग देने की कोशिश की थी। पुलिस ने इस मामले में पूर्व प्रधानाचार्य, उसके दो बेटों और मौजूदा प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी विनेश कटियार ने बताया कि बीते 12 सितंबर को भोर में संस्कृत विद्या प्रबोधिनी पाठशाला के छात्रावासी 11 साल के छात्र की फंदे से लटकी लाश मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंट कर हत्या किए जाने की बात प्रकाश में आयी।

### मामाओं ने 11 महीने के भांजे को मौत के घाट उतारा

**मुजफ्फरनगर.** यूपी के मुजफ्फरनगर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां दो मामाओं ने मिलकर 11 महीने के भांजे की हत्या कर दी। यहां तक कि अपनी बहन को भी जान से मारने की कोशिश की। फिलहाल महिला का दिल्ली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये मामला प्रेमपुरी मोहल्ले का है। बागपति के बड़ौत के रहने वाली पार्वती अपनी 30 वर्षीय विवाहित बेटी छोटी व 11 महीने के नाती अभिषेक के साथ किराये के मकान में रहती है। सोमवार को पार्वती के बेटे आकाश व अरविंद आए। रात में किसी बात को लेकर उनका अपनी बहन छोटी के साथ विवाद हो गया। इस पर दोनों भाइयों ने बहन के साथ मारपीट की और बेल्ट से गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। मारपीट के दौरान बच्चा गोद से उछलकर दूर जा गिरा। मारपीट के दौरान छोटी का 11 माह का बेटा चिल्लाने लगा। आरोप है कि दोनों मामा ने मिलकर बच्चे का मुंह दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले व मकान के ऊपरी मंजिल रह रहे दूसरे किराएदार नीचे आ गए। हालांकि तब तक दोनों आरोपी भाई मौके से फरार हो गए थे।

### चीनी मिल के टैंकर में दो युवक की मिली लाश

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां धामपुर स्थित चीनी मिल के अपशिष्ट संयंत्र के टैंकर में मंगलवार को दो युवकों की लाश संदिग्ध हालत में मिली। परिजनों ने हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाया। वहीं, पुलिस ने आशंका जताई है कि दोनों युवकों की मौत टैंकर की सफाई के दौरान जहरीली गैस की वजह से हुई है। हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। धामपुर शुगर मिल के खोई प्लांट में उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां खड़े खाली टैंकर से दो युवकों के शव बरामद हुए। शवों की पहचान 35 वर्षीय मुकेश कुमार और 32 वर्षीय सलमान के रूप में हुई। युवक प्लांट में काम करते थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया किया।

# मोदी बोले- हर दुकान पर स्वदेशी का बोर्ड लगाएं

- **वही खरीदें जिसमें देशवासी का पसीना हो**
- **भारतीय सामान खरीदकर GST कटौती का फायदा उठाएं**

**भोपाल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को एमपी के धार में कहा, 'ये नया भारत है। ये परमाणु धमकी से नहीं डरता। हम घर में घुसकर मारते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया।

उन्होंने कहा, धार की धरती पराक्रम की धरती है। मां भारती की आन-बान-शान से बड़ा कुछ नहीं। हमारा हर पल देश के लिए समर्पित हो। देश की मर-मिटने की सौगंध लेकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सबकुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था।

पीएम ने बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। यहां खुली जीप में लोगों का अभिवादन किया। साथ ही राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के लिए सिंगल क्लिक पर राशि ट्रांसफर की।

**पीएम मोदी की बर्थडे पर अपील**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्योहारों से पहले एक बार फिर देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील की है। अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के धार में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ग्राहकों और व्यापारियों से स्वदेशी सामान बेचने और खरीदने की अपील करते हुए बताया कि



इससे देश को क्या फायदे होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर दुकान पर बोर्ड लगाना चाहिए कि- गर्व से कहो, यह स्वदेशी है।

पीएम मोदी ने कहा, 'यह समय त्योहारों का है। इस समय आपको स्वदेशी का मंत्र भी लगातार दोहराना है, अपने जीवन में उतारना है। मेरी आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि आप जो भी खरीदें वह देश में बना होना चाहिए। आप जो भी खरीदें उसमें पसीना किसी ना किसी हिन्दुस्तानी का होना चाहिए। आप जो भी खरीदें उसमें हिन्दुस्तान की मिट्टी की महक होनी चाहिए। मैं व्यापारियों से आग्रह करना चाहता हूं कि आप भी देश के लिए मेरा साथ दें। मैं देश के लिए मदद चाहता हूं क्योंकि मुझे 2027 तक विकसित भारत बनाना है और उसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है।'

पीएम मोदी ने व्यापारियों से स्वदेशी सामान बेचने की अपील करते हुए कहा कि सभी छोटे मोटे व्यापारी भाई-बहन आप जो भी बेचें वह हमारे देश में ही बना होना चाहिए। महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का माध्यम बनाया था। अब हमें स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है। यह तब होगा जब हम देश में बनी चीज पर गर्व करेंगे। यह तब होगा जब हम छोटी से छोटी चीज खरीदें, बच्चों के लिए खिलौने, दीवाली की मूर्ति, घर को सजाने वाले सामान या टीवी फ्रिज चैसी चीजें हमें सबसे पहले देखना चाहिए कि क्या यह देश में बना है। इसमें देशवासियों के पसीने की सुगंध है या नहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जब 22 सितंबर से नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी की कम दरें भी लागू होने जा रही हैं तो हमें स्वदेशी चीजें ही खरीदना है। हमें एक मंत्र याद रखना है, मैं चाहता हूं कि हर दुकान पर लिखा होना चाहिए, राज्य सरकार से भी कहूंगा कि अभियान चलाइए, हर दुकान पर बोर्ड होना चाहिए- गर्व से कहो यह स्वदेशी है।

**स्वदेशी खरीद के फायदे गिनाए**

पीएम ने स्वदेशी खरीद के फायदे गिनाते हुए कहा, 'जब हम स्वदेशी खरीदते हैं तो पैसा देश में रहता है, हमारा पैसा विदेश जाने से बचता है। वही पैसा फिर से देश के विकास के काम आता है। उस पैसे से सड़कें बनती हैं, गांव के स्कूल बनते हैं, गरीब कल्याण की योजनाओं के काम आता है। मध्यम वर्ग के जो सपने हैं उन्हें पूरा करने के लिए बहुत धन की जरूरत होती है, यह हम छोटी-छोटी चीजें करके पूरा कर सकते हैं। हमारी जरूरत की चीजें जब देश में बनती हैं तो रोजगार पैदा होता है।'

# कुछ को जेल भेजा तो सब ठीक हो जाएंगे

- **पराली को लेकर किसानों पर भड़के CJI गवई**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-NCR में पराली जाने के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि पहले वैसे किसानों में से कुछ को जेल भेजिए, जो बार-बार नियमों का उल्लंघन करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर पराली जलाने वाले कुछ को जेल भेजा तो सब ठीक हो जाएंगे क्योंकि यह मिसाल कायम करेगा। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि वह पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई चाहता है। इसके साथ ही कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को तीन महीने के भीतर सभी रिक्तियों को भरने का निर्देश दिया।



दिल्ली-एनसीआर में हर साल अक्टूबर में होने वाले वायु प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए देश के मुख्य न्यायाधीश (CJI) जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि कुछ किसानों को पराली जलाने के लिए जेल भेजना दूसरों के लिए एक कड़ा संदेश हो सकता है। उन्होंने पूछा कि किसानों पर कार्रवाई करने से कतरा क्यों रहे हैं?

**तीन महीने के भीतर भरें रिक्तियां**

सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्तियों को लेकर राज्यों को फटकार भी लगाई और दिल्ली से सटे राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब को तीन महीने के भीतर रिक्तियों को भरने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण रोकने के उपायों पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से तीन हफ्ते में रिपोर्ट भी मांगी है। इसके अलावा कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से वायु प्रदूषण रोकने के लिए विचार-विमर्श कर योजनाएँ बनाने को कहा है।

**न्यायमित्र ने क्या कहा?**

इससे पहले, मामले में न्यायमित्र नियुक्त अपराजिता सिंह ने CJI गवई की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए किसानों को सब्सिडी और उपकरण दिए गए हैं। उन्होंने कहा, 'लेकिन किसानों की भी यही कहानी है। पिछली बार, किसानों ने कहा था कि उन्हें ऐसे समय पराली जलाने के लिए कहा गया था, जब उपग्रह उस क्षेत्र से नहीं गुज़र रहा था। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि 2018 से सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक आदेश पारित किए हैं, और वे आपके सामने केवल लाचारी जताते हैं।'

# SBI में दिनदहाड़े 20 किलो सोने और कैश की लूट

- **पाउडर झोंक कर घुसे**

**विजयपुरा.** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के चदचन कस्बे में मंगलवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की शाखा में हथियारों से लैस डकैतों ने दिनदहाड़े सनसनीखेज डकैती को अंजाम दिया। इस घटना में डकैतों ने लगभग 21.04 करोड़ रुपये की नकदी और सोने के आभूषण लूट लिए। पुलिस के अनुसार, तीन हथियारबंद डकैतों ने बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाकर इस लूट को अंजाम दिया।

शाखा प्रबंधक तारकेश्वर की शिकायत के अनुसार, तीन डकैत बैंक में एक चालू खाता खोलने के बहाने घुसे। उनके पास पिस्तौल और चाकू थे, जिनका इस्तेमाल कर उन्होंने बैंक कर्मचारियों और मौजूद ग्राहकों को धमकाया। डकैतों ने सभी को प्लास्टिक टैग से बांध दिया और बैंक के नकदी और सोने के लॉकर खोलने के लिए मजबूर किया।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, लूट के दौरान, डकैतों ने 425 सोने के पैकेटों में से 398 पैकेट चुरा लिए, जिनका कुल वजन लगभग 20 किलोग्राम बताया जा रहा है। इसके अलावा, लगभग




1.04 करोड़ रुपये की नकदी भी लूटी गई। पुलिस ने बताया कि डकैत एक सुजुकी ईवा वाहन में फर्जी नंबर प्लेट के साथ भागे, जो महाराष्ट्र के पंढरपुर की ओर जा रहा था। हालांकि, सोलापुर जिले के हुलजंती गांव में वाहन का दुर्घटना हो गई, जिसके बाद डकैत लूटे गए सामान के साथ फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने पुष्टि की कि इस घटना में बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को कोई शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचा। डकैतों की तलाश के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

**जिले में दूसरी बड़ी डकैती**

यह घटना विजयपुरा जिले में कुछ महीनों के भीतर दूसरी बड़ी डकैती है। इससे पहले, 23 से 25 मई के बीच, मंगुली गांव में केनरा बैंक की शाखा से 53.26 करोड़ रुपये की लूट हुई थी, जिसमें लगभग 59 किलोग्राम सोना और 5.3 लाख रुपये की नकदी शामिल थी।

# 'मेरी इच्छा है 2047 तक नेतृत्व करें PM मोदी, आज तक ऐसा नेता नहीं देखा'

**मुंबई.** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने इच्छा जाहिर की है कि पीएम नरेंद्र मोदी 2047 तक देश का नेतृत्व करते रहें। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। मुकेश अंबानी ने कहा कि आज हम भारतवासियों के लिए लिए पर्व का दिन है। हमारे सम्मानित और प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आज 75वां जन्मदिन है। मैं देश के कारोबारी समुदाय, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अंबानी परिवार की ओर से उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। मेरी इच्छा है कि वह 2047 तक देश के प्रधानमंत्री रहें, जब भारत की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होंगे।



मुकेश अंबानी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पहले गुजरात को औद्योगिक राजधानी बनाया और अब वह पूरे भारत का कायापलट कर रहे हैं। यह संयोग नहीं है कि पीएम नरेंद्र मोदी का अमृत महोत्सव भी तब आया है, जब देश की आजादी का अमृत काल चल रहा है। जीवेत शरदः शतम्। उन्होंने कहा, 'ईश्वर ने खुद पीएम नरेंद्र मोदी को अवतार पुरुष के तौर पर भेजा है ताकि वे हमारे देश का नेतृत्व करें। मैंने आज तक ऐसा नेता नहीं देखा है, जो इस तरह बिना थके और बिना रुके काम करता हो। मैं देश भर के लोगों के साथ पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।'

पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर देश भर में कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। वहीं भाजपा की ओर से भी कई कार्यक्रम चल रहे हैं। पीएम मोदी को तमाम राजनेताओं के अलावा शाहरुख खान, आमिर खान, कंगना रनौत समेत तमाम सितारों ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

# छठ महापर्व को मिलेगा यूनेस्को टैग?

- **भारत ने कई देशों से मांगा सहयोग**
- **राजनयिकों के साथ बैठक**

**नई दिल्ली.** भारत ने 'छठ महापर्व' को यूनेस्को की ''मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची'' में शामिल कराने के लिए 2026-27 चक्र में ''बहुराष्ट्रीय नामांकन'' भेजने के वास्ते सूरीनाम, नीदरलैंड और अन्य देशों से सहयोग मांगा है। संस्कृति मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि इस संबंध में सहयोग प्राप्त करने के लिए उसने यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सूरीनाम और नीदरलैंड के वरिष्ठ ''राजनयिक प्रतिनिधियों'' के साथ एक बैठक आयोजित की।

सोमवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने की। इसमें संस्कृति मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, संगीत नाटक अकादमी और आईजीएनसीए के अधिकारियों ने भाग लिया।

मंत्रालय ने कहा कि सूर्य देव और 'छठी मैया' को समर्पित यह प्राचीन पर्व भारत के सबसे पुराने त्योहारों में से एक है, जिसे बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इस त्योहार को प्रवासी भारतीय मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, यूएई तथा नीदरलैंड में भी मनाते हैं।

मंत्रालय के अनुसार, यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची में पहले से ही 15 तत्वों को शामिल करके, भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा में अग्रणी देशों में से एक है। योग, कुंभ मेला और कोलकाता का दुर्गापूजा उत्सव इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 2026-27 चक्र के लिए छठ महापर्व का बहुराष्ट्रीय नामांकन भारत की सांस्कृतिक कूटनीति और जीवंत परंपराओं की सुरक्षा के प्रति



प्रतिबद्धता में एक और बड़ी उपलब्धि है। मंत्रालय ने बताया कि बैठक में शामिल प्रतिनिधियों ने इस पहल का ''स्वागत'' किया, अपने देशों में प्रवासी भारतीय समुदायों के बीच इस पर्व के महत्व को स्वीकार किया और नामांकन के लिए ''सहयोग का आश्वासन'' दिया।

# तो फिर होगा ऑपरेशन सिंदूर...

- **राजनाथ सिंह की खुली चेतावनी**

**हैदराबाद.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इन दावों को खारिज कर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने के लिए उन्होंने हस्तक्षेप किया था। सिंह ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की वजह से निलंबित नहीं की गई।

रक्षा मंत्री ने यहां हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में अपने संबोधन में कहा कि यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि यह द्विपक्षीय मामला है और कोई तीसरा पक्ष इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा, 'कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम किसी के हस्तक्षेप की वजह से हुआ? मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप की वजह से नहीं रुका था।'

राजनाथ ने कहा, 'कुछ लोग भारत-पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। किसी ने ऐसा नहीं किया। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भी साफ किया था कि भारत ने इस मामले में तीसरे पक्ष की भूमिका खारिज कर दी।'

# ICC टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप




- **पहली बार एक ही टीम और उसके खिलाड़ी सभी 4 कैटेगरी में नंबर-1**

ICC की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फॉर्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है।

पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बॉलर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं।

**वरुण चक्रवर्ती का शानदार प्रदर्शन जारी**

34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने UAE के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा।

**अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार**

बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंड्या पहले नंबर पर**

भारतीय स्टार हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# बिहार में सीट शेयरिंग में कांग्रेस को हो सकता है नुकसान

- **कई विधायकों के टिकट कटने की भी चर्चा**

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस इस बार लगभग 60 से 62 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। यह फैसला सहयोगी दलों मुखेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (VIP) और अन्य छोटे दलों को समायोजित करने के लिए लिया जा रहा है। सीटों के अदला-बदली की भी संभावना है। आपको बता दें कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 70 सीटों पर उम्मीदवार



उतारे थे। महागठबंधन में इस बार राजद, कांग्रेस, VIP, वाम दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) और लोक जनशक्ति पार्टी (पशुपति पारस गुट) शामिल है। सीटों के बंटवारे को लेकर सभी दलों के बीच लगातार बातचीत चल रही है।

कांग्रेस नेतृत्व ने पिछले चुनाव में मिले कमजोर सीटों को लेकर नाराजगी जताई थी। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस बार संख्या से ज्यादा सीटों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाएगा। इंडिया टुडे ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि सीट बंटवारे पर अंतिम समझौता अक्टूबर के पहले हफ्ते में हो सकता है।

पार्टी के भीतर भी मंथन जारी है। बिहार से कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि इस बार सीटों का पुनर्संयोजन किया जाएगा। पार्टी का मकसद जीतने योग्य सीटें सुनिश्चित करना है। वहीं एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कांग्रेस को 90 से ज्यादा सीटों से चुनाव लड़ने के लिए 3,000 से अधिक आवेदन मिले हैं। हालांकि, अंदरूनी स्तर पर यह भी बहस है कि असंतोषजनक रिपोर्ट वाले मौजूदा विधायकों को टिकट से वंचित किया जाए या नहीं। कुछ नेता मानते हैं कि ऐसा करने से बगावती उम्मीदवार खड़े हो सकते हैं, जिससे चुनावी संभावनाएं प्रभावित होंगी। अंतिम फैसला कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में लिया जाएगा।

इस बीच, बिहार कांग्रेस ने राहुल गांधी के दरभंगा रोड शो की तारीफ की है। चुनाव से पहले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा राज्य में कई रैलियां और कार्यक्रम करने वाले हैं।

# छात्र हत्याकांड के आरोपियों से पुलिस का एनकाउंटर



- **एक को लगी गोली, दो अन्य गिरफ्तार**

**गोरखपुर.** गोरखपुर में छात्र की हत्या के मामले में पुलिस को 40 घंटे के अंदर ही बड़ी सफलता मिल गई है। पुलिस और हत्यारों के बीच एनकाउंटर हुआ है। इसमें पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए एक पशु तस्कर को गोली मारकर पकड़ा है। उसके दो साथी भी गिरफ्तार किए गए हैं। गोली मारकर पकड़े गए आरोपी की पहचान रहीम के रूप में हुई है। उसके दो साथियों की पहचान छोटू और राजू के रूप में हुई है। एनकाउंटर उसी पिपराइच थाना क्षेत्र में हुआ है जहां सोमवार की रात कांड हुआ था। एसएसपी के अनुसार कुशीनगर और पिपराइच पुलिस की संयुक्त कोशिश के बाद यह सफलता हाथ लगी है। एक आरोपी को वारदात के समय ही ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। इस तरह पूरे मामले में अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

गोरखपुर के पिपराइच इलाके में सोमवार देर रात पशु तस्करों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दे कर स न स नी फैला दी थी। पीछा करने के शक में तस्करों ने नीट की तैयारी कर रहे छात्र दीपक को अगवा कर मार डाला और शव गुलरिहा इलाके में फेंक कर फरार हो गए थे। इसी बीच तस्करों की दूसरी गाड़ी को ग्रामीणों ने घेर लिया। गाड़ी फंसने पर उतरकर भाग रहे तस्करों में से एक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। इसके बाद तस्करों की गाड़ी फूंक दी।

पकड़े गए तस्कर को कब्जे में लेने के प्रयास में गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। हमले में पिपराइच थानेदार का हाथ टूट गया जबकि एसपी नार्थ के कंधे व पैर व अन्य पुलिसवालों के सिर और कंधे में चोट आई। सुबह होते ही ग्रामीणों ने फरार तस्करों की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को लेकर गोरखपुर-पिपराइच मार्ग जाम कर दिया। पांच घंटे बाद किसी तरह लोगों को शांत कराया जा सका।

देर रात एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश भी गोरखपुर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीजी ने पीड़ित परिवार से बात की और आरोपितों पर कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पूरी घटना की जानकारी ली और समीक्षा बैठक की।

# इजरायल ने एक दिन में कर दिए 150 हमले

- **गाजा में धमाकों के बीच गुजरी रात; 4 लाख भागे**

इजरायल की ओर से गाजा पर लगातार भीषण हमले जारी हैं। मंगलवार और बुधवार की रात को इजरायल ने कुल 50 हमले गाजा पर किए हैं। इसके साथ ही बीते एक दिन के अंदर इजरायल ने गाजा पर 150 से ज्यादा हमले किए हैं। हालात ऐसे हैं कि गाजा से कुछ दिनों के अंदर ही 4 लाख लोग पलायन कर चुके हैं। गाजा की आबादी 10 लाख के करीब थी और वहां से लगभग 4 लाख लोग पलायन कर गए हैं। स्पष्ट है कि करीब 40 फीसदी आबादी गाजा से



पलायन कर चुकी है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बीते दो दिनों के अंदर ही 150 ठिकानों पर गाजा में हमले किए गए हैं।

बीती रात में ही 12 लोगों की इजरायली हमलों से मौत हो गई है। इजरायली सेना का कहना है कि उन्होंने अपने हमलों में सुरंगों को टारगेट किया है तो वहीं कई इमारतों को भी निशाना बनाया है। इजरायल का कहना है कि इन इमारतों में हमास के आतंकी छिपे हुए थे। इजरायली सेना ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल लगातार आतंकियों को खत्म कर रहे हैं। अब तक आतंकी संगठन के कई ढांचों को ध्वस्त किया जा चुका है। गाजा को हमास का शक्ति केंद्र माना जाता है। ऐसे में इजरायल का कहना है कि हमास को खत्म करने के लिए गाजा को टारगेट करना होगा। सोमवार से ही इजरायल की सेना ने गाजा पर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं।

इससे पहले बीते सप्ताह इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमला कर दिया था। इस हमले के बाद से मुसलमान देशों में गुस्सा है। मंगलवार को दोहा में 60 मुसलमान देशों की मीटिंग थी, जिसमें इजरायल के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। इस मीटिंग में आने वाले देशों में पाकिस्तान, सऊदी अरब, ईरान, तुर्की और बहरीन जैसे मुस्लिम देश शामिल थे। इस दौरान मौजूद नेताओं ने कहा कि इजरायल के खिलाफ एकजुट होना होगा। यही नहीं पाकिस्तान और तुर्की जैसे देशों ने तो इस्लामिक नाटो की स्थापना की भी बात की। हालांकि किसी चीज पर सहमति नहीं बनी है बल्कि एक निंदा प्रस्ताव ही पारित किया जा सका।

## संक्षेप...

### मुख्यमंत्री समृद्धि पंचायत राज अभियान शुरू

**शहापुर.** राज्य सरकार की तरफ से शुरू किया गया मुख्यमंत्री समृद्धि पंचायत राज अभियान शहापुर में शुरू हो गया है. 31 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत ग्राम स्तर पर सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करके और ग्राम स्तरीय समिति का गठन करके किया गया.अभियान पर विशेष ध्यान देने के लिए, शहापुर पंचायत समिति ने प्रत्येक पांच ग्राम पंचायत के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. इसमें प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शामिल हैं.

शहापुर पंचायत समिति के खंड विकास अधिकारी बी. एच. राठौड़ ने बताया कि इस अभियान के तहत सुशासित पंचायतें, सशक्त पंचायतें, जल-समृद्ध, स्वच्छ और हरित गांव, मनरेगा एवं अन्य योजनाओं का अभिसरण, ग्राम-स्तरीय संस्थाओं का सशक्तिकरण, आजीविका विकास और सामाजिक न्याय के साथ-साथ जन-भागीदारी से जन-आंदोलन बनाया जाना है.

# डीपी प्लान को लेकर सपा विधायक का कड़ा रुख

- **उचित मुआवज़ा पाना नागरिकों का हक़, धार्मिक स्थलों का संरक्षण अनिवार्य**

**भिवंडी.** भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका का नया डेवलपमेंट प्लान जारी किया गया है. उक्त संदर्भ में भिवंडी सपा विधायक रईस शेख ने महाराष्ट्र विधानसभा में कई बार ठोस तरीके से सवाल उठाकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है. उनका कहना है कि, नागरिकों की भावनाओं और हितों को ध्यान में रखते हुए ही नई विकास योजना को लागू किया जाना चाहिए. विधायक रईस शेख के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भिवंडी-निजामपुर शहर मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर से बैठक की. बैठक में सपा वरिष्ठ नेता अजय यादव, पूर्व सपा भिवंडी अध्यक्ष सलाम नोमानी समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे.

गौरतलब हो कि,मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर के कार्यालय में डीपी को लेकर हुई अहम बैठक में विधायक रईस शेख ने अपने सुझाव और मांगों को रखते हुए मनपा प्रशासक अनमोल सागर से बताया कि प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से कई मकान, दुकानें, गाले और अन्य संपत्तियों



का टूटना तय है. विधायक रईस शेख ने कहा कि,जब तक प्रभावित मालिकों को उचित मुआवज़ा नहीं दिया जाता, तब तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं की जानी चाहिए. प्रापर्टी का पंचनामा और मुआवज़ा पहले मिलना जरूरी बाद में तोड़ू कार्यवाही होनी चाहिए.तोड़क कार्यवाही में धार्मिक स्थल मस्जिदें, मंदिर, दरगाहें, स्मशानभूमि, कब्रिस्तान, बौद्ध विहार, स्मारक और अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर स्थलों को किसी भी कीमत पर नुकसान नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि,मेट्रो प्रोजेक्ट और डी.पी.प्लान 2 अलग मुद्दे हैं.कोई भ्रम न फैले, इसके लिए जनजागृति अभियान चलाने की मांग बैठक में रखी गई. जिन नागरिकों की डीपी प्लान में जो जमीन पहले विकास कार्यों के लिए आरक्षित की जा चुकी हैं, उन्हें अपने दस्तावेज़ और प्रमाणों के साथ मनपा में आपत्ति दर्ज करने की अपील विधायक रईस शेख ने की.बैठक में मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने आश्वासन दिया कि नागरिकों की मांगों और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा. धार्मिक स्थलों को कदापि नुकसान नहीं होने दिया जाएगा.

# सुबह 6 से रात 12 बजे तक शहर में बड़े वाहनों को आवागमन बंद

**ठाणे.** शहर में बड़े वाहनों के आवागमन के कारण दिन पर दिन शहर वासियों को यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने बताया कि 18 सितंबर सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक मुंबई, नवी मुंबई के साथ ही अन्य राज्यों में जाने वाले हजारों बड़े वाहनों को छोड़ा जाएगा।इसलिए यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने



नागरिकों से आवाहन किया है कि रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर के मेन सड़कों पर आवागमन नही करें।

# टोइंग वैन पर काम करने वाले कर्मचारी संदिग्ध

**ठाणे.** टोइंग वैन की वसूली को लेकर जनआंदोलन खड़ा करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अजय जेया ने टोइंग वैन पर काम करने वाले कर्मचारियों को संदिग्ध बताते हुए पुलिस के चरित्र प्रमाण पत्र एवं उनके पते पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा है कि यातायात विभाग द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है. गौरतलब हो कि कुछ दिन पहले सामाजिक कार्यकर्ता अजय जेया ने ठाणे में टोइंग वैन बंद करने की मांग को लेकर एक आंदोलन शुरू किया था. अब उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर ठाणे ट्रैफिक पुलिस के टोइंग वैन संचालन में गंभीर अनियमितताओं का चौंकाने वाला खुलासा किया है. सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, टोइंग कर्मचारियों के चरित्र प्रमाण पत्र और पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं. कई कर्मचारियों ने केवल एक ही पता दिया है और कुछ ने अधूरा पता दिया है.

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार मिशन के अंतर्गत ठाणे मनपा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविरों का उद्घाटन

- **सांसद नरेश म्हस्के, जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की उपस्थिति**

**ठाणे.** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' मिशन के अंतर्गत ठाणे मनपा द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न स्वास्थ्य जांच शिविरों का उद्घाटन बुधवार को सांसद नरेश म्हस्के और जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने किया। 17 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा।ठाणे मनपा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत वर्तकनगर स्थित लोकमान्य तिलक नर्सिंग होम, कोरस अस्पताल से की गई। राष्ट्रीय अभियान 'स्वस्थ नारी



सशक्त परिवार' का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में किया। इस कार्यक्रम का लोकमान्य तिलक नर्सिंग होम में सीधा प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, उपायुक्त (स्वास्थ्य) उमेश बिरारी, पूर्व नगरसेविका आशा डोंगरे, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल, मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. वर्षा सासने आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के ने एक नई एक्स-रे मशीन जनता को समर्पित की। साथ ही, निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत 25 क्षय रोगियों के परिजनों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण हमारे परिवार, समाज और अंततः पूरे राष्ट्र की प्रगति का केंद्रबिंदु है। इसी के तहत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान की योजना बनाई है। 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान ठाणे नगर निगम के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में 92 विशेष शिविर, 14 दंत चिकित्सा शिविर, 14 मैमोग्राफी शिविर, कुल 416 विभिन्न स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएँगे, यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल ने दी।

# चविंद्रा में डंपिंग बंद करने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

- **40 हजार झोपड़ावासियों का स्वास्थ खतरे में**

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा क्षेत्र में करीब 400 टन से अधिक कचरा डंप किए जाने वाले चाविंद्रा स्थित डंपिंग ग्राउंड को ग्रामीणों ने तत्काल बंद करने की मांग की है. चाविंद्रा रामनगर रोड पर मनपा स्कूल क्रमांक 46 के सामने चाविंद्रा सिटी पार्क के लिए आरक्षित भूखंड पर चल रहे डंपिंग के कारण चाविंद्रा, गायत्रीनगर, पोगांव, नागांव और आसपास की शहरी बस्तियों में रहने वाले नागरिक बदबू और धुएं से परेशान हैं.ग्रामीणों की ओर से सुरेश यशवंत पाटिल, राम पाटिल, संदीप मोतीराम पाटिल, तेजस रामदास पाटिल, देव शिवराम पाटिल, सुरेश मोतीराम पाटिल, अनंत पाटिल के एक प्रतिनिधिमंडल ने मनपा आयुक्त अनमोल सागर और उपविभागीय अधिकारी अमित




सानप को एक ज्ञापन सौंपकर यहां डंपिंग को तत्काल बंद करने की मांग की है

गौरतलब हो कि,चाविंद्रा, पोगांव गायत्रीनगर और नगरपालिका के आसपास के इलाकों के स्थानीय ग्रामीण जन्म से ही यहाँ रहते हैं. ज़्यादातर लोग यहाँ की कृषि भूमि पर अपना जीवन यापन करते हैं. डंपिंग ग्राउंड से सटी वन विभाग की ज़मीन पर बड़ी संख्या में झुग्गियाँ बसी है.

यहां की आबादी 30 हजार से अधिक है.यहां के नागरिकों को मूलभूत और नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम प्रशासन का कर्तव्य होने से नागरिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना नगर निगम प्रशासन की जिम्मेदारी है. सिटी पार्क के लिए आरक्षित भूमि पर कचरा जमा करना यहां के लोगों के साथ अन्याय है.पत्र में कहा गया है कि इस डंपिंग ग्राउंड पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं. कचरे में प्लास्टिक, ज्वलनशील कचरा, रासायनिक कचरा जलने से नागरिकों को तेज गंध, दुर्गंध और सांस लेने में तकलीफ हो रही है. उक्त कचरा डंप के सामने नगर निगम का प्राथमिक स्कूल होने से बदबू के कारण स्कूल के छात्रों का शिक्षा प्राप्त करना मुश्किल हो गया है. किसानों का आरोप है कि कचरा डंपिंग ग्राउंड का कचरा हमारे खेत पर फैल रहा है, जिससे खेत बंजर होने से नुकसान हो रहा है. स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसके खिलाफ मौखिक और लिखित शिकायत दी है और नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त, महापौर और प्रशासक से मुलाकात कर डंपिंग रोकने की मांग की है. सुरेश यशवंत पाटिल ने चेतावनी दी है कि, यदि नगर निगम प्रशासन 7 दिन के भीतर इस गंभीर मुद्दे पर निर्णय नहीं लेता है तो वे लोकतांत्रिक तरीके से डंपिंग के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे.

# 20 सितंबर से मोनोरेल सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा

**मुंबई.** मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने मुंबई मोनोरेल के आधुनिकीकरण और भविष्य के लिए इसे तैयार करने के उद्देश्य से 20 सितंबर से मोनोरेल सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला मोनोरेल सिस्टम को मजबूत, सुरक्षित और अधिक भरोसेमंद बनाने के लिए लिया गया है ताकि यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके। मुंबई मोनोरेल में पहली बार स्वदेशी रूप से हैदराबाद में विकसित सीबीटीसी (संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण) सिग्नलिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। 5 इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग 32 स्थानों पर लगाए जा चुके हैं, जिसका परीक्षण जारी है। 260 वाई-फाई एक्सेस पॉइंट्स, 500 आरएफआईडी टैग्स, 90 ट्रेन डिटेक्शन सिस्टम और कई डब्ल्यूएटीसी यूनिट्स पहले ही स्थापित हो चुकी हैं। वे-साइड सिग्नलिंग का काम पूरा हो चुका है। अब एकीकृत परीक्षण की प्रक्रिया चल रही है।

एमएमआरडीए ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 'मेधा' और 'एसएमएच रेल' के सहयोग से 10 नई अत्याधुनिक रेक खरीदी हैं, जिनमें 8 रेक पहले ही डिलीवर हो चुकी हैं। 9वीं रेक निरीक्षण के लिए तैयार है और 10वीं रेक अंतिम असेंबली में है। वर्तमान में मोनोरेल सेवाएं रोजाना सुबह 6:15 बजे से रात 11:30 बजे तक चलती हैं। ऐसे में सिर्फ 3.5 घंटे रात में सिस्टम इंस्टॉलेशन और टेस्टिंग के लिए मिलते हैं।

# विशाखा प्रा. विद्यालय भारतीय विद्यालय उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्रमांक 04 स्थित विशाखा प्राथमिक विद्यालय को पनवेल में आयोजित एक भव्य समारोह में 'भारतीय विद्यालय उत्कृष्ट पुरस्कार' से सम्मानित किया गया, और विद्यालय की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

कालकथित शशिकलाताई डोंगरदिवे और सहदेवराव बाबूजी डोगरदिवे के अथक प्रयासों से, उल्हासनगर क्रमांक 04, दहाचाल, त्रिवेणी नगर की झुग्गी बस्ती में रहने वाले और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब और



जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से, विशाखा सर्वजन महिला मंडल की स्थापना की गई और इसके अंतर्गत वर्ष 1991 में विशाखा प्राथमिक विद्यालय की शुरुआत की गई। आज इस विद्यालय में 300 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों को पार करते हुए, इस विद्यालय के शिक्षक गरीब छात्रों के शैक्षिक जीवन को आकार दे रहे हैं।

स्कूल की प्रिंसिपल अनीता डोंगरदिवे और मनोज डोंगरदिवे के नेतृत्व में, विशाखा प्राथमिक विद्यालय का प्रशासन सुचारू रूप से चल रहा है। यह बात समाज के लिए गर्व की बात है। स्कूल की चल रही कठिन यात्रा को देखते हुए, कल, क्रातिवीर वासुदेव बलवंत फड़के नाट्यगृह पनवेल में प्रकाशन द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में, उल्हासनगर क्रमांक 04 में विशाखा प्राथमिक विद्यालय को उत्कृष्टता के लिए 'भारतीय विद्यालय उत्कृष्ट पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया, जो पनवेल के एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता तन्मय प्रकाशन संस्था के प्रमुख बालासाहेब म्हात्रे द्वारा किया गया था, और संस्था के प्रमुख नानासाहेब पाटिल ने संस्था की उपाध्यक्ष चमेली तड़वी और प्रधानाध्यापक रामदास सावंत सर को सम्मानित किया।

इस समय विशाखा प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका सिंधु सावंत, जयश्री पाटिल, चित्रलेखा पेठकर, सुप्रवास बिरहाड़े, अनीसा तड़वी आदि उपस्थित थीं। विशाखा प्राथमिक विद्यालय की हर जगह प्रशंसा हो रही है।

### महावितरण का सेवा पर्व के दौरान विशेष अभियान

**कल्याण.** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लागू करने के लिए महावितरण द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व अवधि के दौरान प्रति माह 3 सौ यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले ग्राहकों को मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र ने बिजली उपभोक्ताओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है.

**एसएसटी महाविद्यालय की जिला स्तरीय**

# तलवारबाजी प्रतियोगिता में शानदार कामयाबी



**19 वर्ष से कम आयु के लड़के :**
पंकज विश्वकर्मा – द्वितीय (ईपी)
पंकज विश्वकर्मा – तृतीय (सेबर)
मोहित घाटकर – तृतीय (ईपी)
**19 वर्ष से कम आयु की लड़कियाँ :**
संचिता वलदुरे – प्रथम (सेबर)
आराधना यादव – प्रथम (ईपी)
श्रावणी कोली – तृतीय (ईपी)

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा आयोजित जिला स्तरीय तलवारबाजी (Fencing) प्रतियोगिता 2025-26 में एसएसटी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता ईपी, फॉइल और सेबर इन तीन प्रकारों में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को महाविद्यालय के प्राचार्य, खेल विभाग और प्राध्यापकों ने बधाई दी तथा भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में और भी बड़ी सफलताएँ हासिल करने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# साउथ इंडस्ट्री ने सामंथा प्रभु को किया ब्लैकलिस्ट?

- **तलाक के बाद काम नहीं मिल रहा है**
- **एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने बातों-बातों में दिया हिंट**

साउथ सिनेमा की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों काम के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद साउथ इंडस्ट्री ने उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया है। इस बात की चर्चा त ब



शुरू हुई जब तेलुगु फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने एक इंटरव्यू के दौरान साउथ सिनेमा के सुपरस्टार और तलाकशुदा एक्ट्रेस के बारे में बात की। हालांकि, लक्ष्मी मांचू ने सीधे तौर पर सामंथा प्रभु का नाम नहीं लिया है। लेकिन उन्होंने बातों ही बातों में हिंट दे दिया कि तलाक के बाद से उस एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और जो फिल्में थीं, वो भी वापस ले ली गईं।

'ग्रेट आंध्रा' को दिए इंटरव्यू में लक्ष्मी मांचू ने इस बात का हिंट दिया कि एक सुपरस्टार की पूर्व पत्नी के पास फिलहाल कोई काम नहीं है। लक्ष्मी मांचू ने कहा- एक सुपरस्टार की पूर्व पत्नी है, जो यहां काम करती है। उसका जब से तलाक हुआ है तब से उसे जो भी फिल्में ऑफर हुई थीं, वो भी छीन ली गई हैं। उसे यही कहा जाता है कि उसे लिया तो उन्हें (नागा चैतन्य) बुरा लग सकता है।

# एसएसटी कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधिया आयोजित कि गई। संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के सम्मान, गर्व और प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, भाषण प्रस्तुति और नाटक जैसी विविध सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियाँ संपन्न हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समारोह




को सफल बनाया।

इस अवसर पर प्रो.डॉ.संजय शिरसाठ, प्रो.शिल्पा जळकोटे, प्रो. सुरभी त्रिवेदी, प्रो.सुदर्शन पाटिल, प्रो सदान जावरे सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। हिंदी दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ाने के साथ भाषा के सम्मान और संवर्धन के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन ने उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकगणों को हिंदी भाषा के संरक्षण और प्रसार हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया ।




# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**मुंबई.** मुंबई क्राइम ब्रांच ने गोरेगांव में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है जो विदेशी नागरिकों को ठग रहा था। इस मामले में दो मालिकों, एक मैनेजर और दस टेलीकॉलर एजेंटों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सूचना के आधार पर छापेमारी पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच की यूनिट 12 को सूचना मिली थी कि गोरेगांव (पूर्व) स्थित विहान कमर्शियल कॉम्प्लेक्स की सातवीं मंजिल पर स्थित एक कॉल सेंटर अमेरिकी नागरिकों को निशाना बना रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, अधिकारियों ने परिसर में छापेमारी की। पुलिस की जांच में सामने आया है कि यह गिरोह खुद को Greeksquad और Mac cafe support जैसी नामी कंपनियों का आधिकारिक सर्विस प्रोवाइडर बताता था। आरोपी विदेशी नागरिकों को ईमेल भेजकर बताते थे कि उनके कंप्यूटर या मोबाइल में वायरस आ गया है।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099